रेल विकास निगम लिमिटेड
Rail Vikas Nigam Limited
गुणवत्ता, गति एवं पारदर्शिता
(A Government of India Enterprise)

मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालय
(ऋषिकेश–कर्णप्रयाग नई रेल लाईन परियोजना)
Office of Chief Project Manager
(Rishikesh-Karanprayag New BG Rail Line Project)
RVNL Office Building, Opp. GST Bhavan, Next to GMVN, Shyampur
Bypass Road, Rishikesh - 249201
Email: rvnlrksh1@gmail.com, Tel: +91-135-2432008

**RVNL/RKSH/FRST(Cors)/1/2020/CIVIL/RKSH/ 897** **Dated: 29.12.2022**

सेवा में,
प्रभागीय वनाधिकारी,
रुद्रप्रयाग वन प्रभाग,
रुद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड

**विषय:- जनपद -रुद्रप्रयाग के अंतर्गत 126 कि 0 मी 0 ऋषिकेश - कर्णप्रयाग नई ब्रॉड गेज रेल लाईन निर्माण हेतु ग्राम नगरासू में अतिरिक्त 0.4769 है 0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु रेल विकास निगम लि 0 को प्रत्यावर्तन। (Online No .FP/UK/RAIL/148843/2021)**

**सन्दर्भ:-** **1.** दिनांक 30 अगस्त 2022 को आयोजित एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की क्षेत्रीय अधिकार प्राप्त समिति की 71वीं बैठक का कार्यवृत्त।
**2.** रुद्रप्रयाग वन प्रभाग पत्रांक संख्या - 843 /12 -1 (2) रुद्रप्रयाग दिनांक 08. 09. 2022।
**3.** रेल विकास निगम लि 0 पत्रांक संख्या – RVNL/RKSH/FRST (Cors)/1/2020/CIVIL/RKSH/591 दिनांक 13. 10. 2022।

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित बैठक का कार्यवृत्त (विवरण)/पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसमें संदर्भित 71वीं बैठक का कार्यवृत्त के माध्यम से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून की क्षेत्रीय अधिकार प्राप्त समिति द्वारा परियोजना हेतु सशर्त स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा तथा पत्र संख्या -2 के सापेक्ष वांछित आख्या जैसे कि पूर्व में अनुमोदित मलवा डंपिंग यार्ड का विस्तृत विश्लेषण और नई प्रस्तावित मलवा डंपिंग यार्ड एवं अन्य आवश्यक आख्या आपके कार्यालय को रेल विकास निगम लि 0 के पत्रांक संख्या RVNL/RKSH/FRST(Cors)/1/2020/CIVIL/RKSH/591 दिनांक 13. 10. 2022 के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही हेतु उपलब्ध करवा दी गयी हैं (छायाप्रति संलग्न)। सन्दर्भित 71वीं बैठक का कार्यवृत्त में उल्लेखित शर्तो की आख्या निम्वत प्रेषित की जा रही है:

| क्रं0 सं0 | निर्धारित शर्ते /आपत्तियां | अनुपालन /शर्तो का निराकरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्ताव पहले से स्वीकृत ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेलवे लाइन परियोजना के लिए अतिरिक्त क्षेत्र की आवश्यकता के लिए है और अपेक्षित है कि इसके लिए कुछ और प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे। अनुरोध है कि वृक्षारोपण क्षेत्र को छोटे-छोटे पैचों में उपलब्ध कराने के स्थान पर सभी प्रस्तावों के लिए एक पैच/ब्लॉक में प्रस्तावित किया जाए और तदनुसार केएमएल फाइल, मानचित्र और 1702 वृक्षों की वृक्षारोपण योजना प्रस्तुत की जाएगी।<br>The proposal is for additional area requirement for the already approved Rishikesh Karnaprayag Railway line project and it is expected that few more proposals for the same will be submitted. It is requested to propose the plantation area in one patch/ Block for all the proposals instead of providing it in small | आपके पत्रांक 1549/12-1(2) दिनांक: 14/11/2022 द्वारा चयनित वृक्षारोपण स्थान, रेन्ज के अन्तर्गत जाखाल क0 स0-5, जिसका क्षेत्रफल 1.00 है0 का जी0 पी0 एस0 मान प्रदान कर दिया गया हैं जिसका के0 एम0 एल0, डिजिटल मानचित्र, टोपो मानचित्र, वृक्षारोपण योजना एवं उपयुक्ता प्रमाण -पत्र बनवाकर संलग्न कर दिया गया है (छायाप्रति संलग्न)। |

| | | |
|---|---|---|
| | patches and accordingly KML file, maps and plantation scheme of 1180 trees shall be submitted. | |
| 2 | पूर्व में प्रस्तावित मलवा डंपिंग यार्डों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।<br>A detailed analysis of the previously proposed muck dumping yards is required to be submitted. | हमने अपने पत्र संख्या: RVNL/RKSH/FRST(Cors)/1/2020/CIVIL/RKSH/591 दिनांक 13. 10. 2022 के माध्यम से पूर्व में स्वीकृत मक डंपिंग यार्डों का वांछित विश्लेषण रिपोर्ट आपके कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया है (छायाप्रति संलग्न)। |
| 3 | उत्पन्न होने वाली मलवा की मात्रा और डंपिंग यार्ड की क्षमता को ध्यान में रखते हुए मलवा निवारण योजना की समीक्षा कर प्रस्तुत करने की आवश्यकता हैं।<br>Muck disposal plan is required to be reviewed and submitted in view of the quantity of muck that will be generated along with the capacity of the dumping yard. | हमने अपने पत्र संख्या: RVNL/RKSH/FRST(Cors)/1/2020/CIVIL/RKSH/591 दिनांक 13. 10. 2022 के माध्यम से परियोजना से उत्पन्न होने वाले अतिरिक्त मलवा एवं पूर्व में स्वीकृत मक डंपिंग यार्डों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए, नए मक डंपिंग यार्डों का प्रस्ताव रिपोर्ट आपके कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया है (छायाप्रति संलग्न)। |

उपरोक्त शर्तों के अनुपालन में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा सभी शर्तो के सम्बन्ध में वांछित आख्या आपके समक्ष प्रस्तुत कर दी गयी है। अतः आप से अनुरोध है कि प्रकरण को स्वीकृति हेतु उच्च स्तर पर प्रेषित करने का कष्ट करें। जिससे कि प्रकरण पर सैद्धांतिक /विधिवत स्वीकृति की प्रक्रिया आरम्भ की जा सके।

**संलग्नक - उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(अजीत सिंह यादव)**
**मुख्य परियोजना प्रबंधक**
**रेल विकास निगम लि 0**
**ऋषिकेश -कर्णप्रयाग रेल परियोजना**